# डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
# उत्तर प्रदेश सरकार

**वेबसाइट** https://dsmru.up.nic.in

**विज्ञापन सं०–61 / प्रतिनियुक्ति / 2025–26** **दिनांकः 24 अप्रैल, 2025**

## परीक्षा नियंत्रक पद हेतु सामान्य निर्देश

1. विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति की सामान्य अवधि 03 वर्ष की होगी एवं विशेष परिस्थितियों में अधिकतम् 02 वर्ष बढ़ाई जा सकेगी।
2. चयन / स्क्रीनिंग / साक्षात्कार समिति के समक्ष उपस्थिति होने के समय नियुक्ति प्राधिकारी के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. यदि कार्मिक के मूल विभाग में 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू नहीं हुई हैं, तो डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा 7वें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार नये वेतनमान का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।
4. इच्छुक अधिकारी / कार्मिक को विश्वविद्यालय की वेबसाईट के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन करेंगे, जिसकी ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक **10 मई, 2025** होगी, जो मध्य रात्रि 12.00 तक खुली रहेगी।
5. केवल ऑनलाइन माध्यम से किये गये आवेदन की प्रति डाउनलोड / प्रिन्ट करते हुए समस्त संलग्नकों सहित (हार्डकापी) कुलसचिव, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ–226 017 के पते पर पंजीकृत / स्पीड पोस्ट के माध्यम से **दिनांक 20 मई, 2025** की सायं 05.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। अधूरे तथा किसी भी कारण से विलम्ब से प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा, जिसके लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।
6. विज्ञापित पद के सापेक्ष प्राप्त आवेदन–पत्र किसी भी कारण से निरस्त किये जाने पर अथवा अन्य किसी कारणवश नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित / निरस्त किये जाने पर अभ्यर्थियों का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
7. इस विज्ञापन के सम्बन्ध में पद के सापेक्ष आयोजित होने वाले साक्षात्कार / परिणाम आदि की सभी सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाईट–https://dsmru.up.nic.in पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इस सम्बन्ध में पृथक से सूचनाएँ प्रकाशित नहीं की जायेंगी। अतः इच्छुक अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वह समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।
8. आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप पर प्राप्त न होने, अपूर्ण होने तथा आवेदन–पत्र के अन्त में निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर न होने की दशा में आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
9. आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किया जाना अनिवार्य हैः–
   (क) नवीनतम पासपोर्ट आकार का स्वहस्ताक्षरित फोटो आवेदन–पत्र में चस्पा किया जाय।
   (ख) आवेदन–पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता, आयु प्रमाण–पत्र व अन्य योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न की जाएं।
10. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने पर उन्हें कोई मार्ग व्यय / भत्ता देय नहीं होगा।
11. अभ्यर्थी के अर्ह / अनर्ह होने के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी / विश्वविद्यालय प्रशासन का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। विज्ञापन में प्रकाशित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आपकी पात्रता को सुनिश्चित नहीं करेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा, जो समस्त अभ्यर्थियों को मान्य एवं बाध्यकारी होगा। प्रतिनियुक्ति हेतु अन्य सेवा शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेश, मानकों एवं दिशा–निर्देशों के अनुरूप होंगी।

12. विज्ञापन सं0–1861 / 1862 / 1863 / प्रतिनियुक्ति / 2023–24, दिनांक 11.12.2023 को विश्वविद्यालय के पत्रांक 1828 / फासं.–1417 / डॉ0श0मि0रा0पु0वि0 / 2024–25, दिनांक 28.12.2024 द्वारा निरस्त किये जाने के फलस्वरूप उक्त विज्ञापन के सापेक्ष किये गये आवेदन के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि उन्हें अपना आवेदन इस विज्ञापन के सापेक्ष पृथक से पुनः करना होगा।
13. सभी प्रकार के विवादों का निपटारा सिर्फ लखनऊ स्थित न्यायालय में ही मान्य होगा।
14. आवेदन–पत्र प्रेषित करने से पूर्व लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या एवं आवेदित पद का नाम अवश्य अंकित किया जाए, जिसका प्रारूप निम्नवत है :–

**विज्ञापन सं0 :** 61 / प्रतिनियुक्ति / 2025–26
**आवेदित पद का नाम :** परीक्षा नियंत्रक

डाक
टिकट

सेवा में,

कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
मोहान रोड, लखनऊ– 226 017

प्रेषक :
..................................................................................................
..................................................................................................
दूरभाष नं0 / मोबाइल नं0 : ...............................................
**(अनिवार्य रूप से अंकित किया जाये)**

उपरोक्त पद के लिये विश्वविद्यालय वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करते हुए, डाउनलोडेड आवेदन पत्र की प्रति के प्रिन्ट के साथ समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित हार्डकापी केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से **दिनांकः 20 मई, 2025** को सायं 5.00 बजे तक कुलसचिव, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ – 226 017 को प्राप्त हो जायें।

**कुलसचिव**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ